P-402 कक्षा : 12वीं

## हिन्दी (सामान्य) 2016

समय :3 घण्टे] [ पूर्णांक : 100

निर्देश- (i) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल कीजिए।
(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 1x5x5 = 25 अंक निर्धारित हैं।
(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो अंक निर्धारितहै। शब्द सीमा 30 शब्द।
(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 से 75 शब्द है।
(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 75 से 120 शब्द है।
(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 120 से 150 शब्द है।
(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित हैं। खण्ड 'अ' के लिए 7 अंक व 'ब' के लिए 3 अंको शब्द सीमा 200 से 250 शब्द।

प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-
1. सूरदास जी ने अपने काव्य में बालक....की बाल लीलाओं का वर्णन किया है। (श्रीराम/श्रीकृष्ण)
2. 'कुकुरमुत्ता' ....की प्रमुख व्यंग रचना है। (सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'/ जय शंकर प्रसाद)
3. 'बीमार का इलाज'....है। (कहानी/एकांकी)
4. 'तकनीकी' शब्द अंग्रेजी के....शब्द का हिन्दी पर्याय है। (टेक्निकल/टेक्निशियन)
5. शून्य का आविष्कार....ने किया था। (भारत/चीन)

प्रश्न 2. निम्नलिखित कथना के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए-
1. किसके किनारे जाकर मनुष्य प्यासा लौट आता है-
(अ) तालाब (ब) समुद्र (स) नदी (द) कुआँ.
2. माँ किन गुणों को धारण किए हुए हैं-
(अ) पंचतत्व (ब) सतीत्व (स) गुरुत्व (द) वात्सल्य
3. 'नीलकंठ' में समास है- (अ) द्वन्द्व (ब) द्विगुप (स) बहुब्रीहि (द) तत्पुरुष
4. 'अतल' शब्द का सही अर्थ है-
(अ) आग (ब) धरातल (स) हवा (द) गहरा
5. 'ठेस' कहानी के लेखक हैं-
(अ) फणीश्वर नाथ रेणु (ब) भूषण (स) महात्मा गाँधी (द) बाबू गुलाब राय

प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए-
1. रहीम कवि ने धन को महत्वहीन बताया है।
2. बच्चे अपनी-अपनी क्यारियों में खिले फूलों को लेकर बहस कर रहे थे।
3. नालन्दा विश्वविद्यालय में चार पुस्तकालय हैं।

4. ग्राम पंचायत तत्सम शब्द है।
5. एक अनार खसौ बीमार मुहावरे का अर्थ है एक अनार खाकर बीमार होना।

प्रश्न 4. स्तम्भ 'क' का स्तम्भ 'ख' से मिलान कर सही जोड़ी बनाइये-

| स्तम्भ 'क' | स्तम्भ 'ख' |
|---|---|
| 1. अवलम्ब | सुभद्रा कुमारी चौहान |
| 2. माँ | पारिभाषिक शब्द |
| 3. मन की एकाग्रता | ....... |
| 4. शल्य क्रिया | कविता |
| 5. तीन बच्चे | निबंध |

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में लिखिए-
1. धरती किसके ताप से जल रही है?
2. हम कैसी दुंदुभी बजा रहे हैं?
3. किसके अभाव में बुद्धि कौशल पंगु है?
4. विषय के आधार पर निबन्ध कितने प्रकार के होते हैं?
5. द्वन्द्व समास की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 6. बौद्धिक पुनर्जागरण की प्रक्रिया में किस-किस का योगदान था?
(अथवा) राष्ट्र 'कस्तूबा' को किस आदर्श की जीवित प्रतिमा मानता है?

प्रश्न 7. रवीन्द्र नाथ टैगोर क्या जानने को इच्छुक थे?
(अथवा) सम्राट अकबर ने किन सम्राटों का सम्मान किया?
प्रश्न 8. विषय के आधार पर निबन्ध के भेदों में से भावात्मक निबन्ध किसे कहते हैं?
(अथवा) निबन्ध किसे कहते हैं? कोई एक विद्वान की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 9. शुक्लोत्तर युग के निबंधों की दो विशेषताएँ लिखिए।
(अथवा) भारतेन्दु युग की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 10. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए
1. लोकप्रिय लेखक का सभी सम्मान करते हैं। (मिश्रित वाक्य)
2. गणित का प्रश्न-पत्र कठिन है। (निषेधवाचक)
(अथवा) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-
1. गगन 2. पर्वत

प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए-
1. घर-खर्च 2. प्रतिमास
(अथवा) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोनग करें
1. नाकों चने चबाना 2. कमर कसना

प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्द युग्मों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए
1. हँसता-खेलता 2. तन-मन

(अथवा) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए
1. शीला के मस्तक में भारी सिर दर्द है। 2. मेरे को पुस्तक खरीदना है।

प्रश्न 13. निम्नलिखित का भाव पल्लवन कीजिए
"अमीरी की तुलना में गरीबी अधिक सुखद है।" लोकोक्ति और मुहावरे में कोई दो अन्तर लिखकर उनके एक-एक उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 14. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए
1. आसान 2. रहस्य
(अथवा) कोई चार तकनीकी शब्द लिखिए।

प्रश्न 15. निम्नलिखित भिन्नार्थक समोच्चारित शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए 2
1. प्रसाद-प्रासाद 2. वसन-व्यसन
(अथवा) रचना के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम भी लिखिए।
प्रश्न 16. गोचारण हेतु जाने के लिए कृष्ण क्या तर्क देते हैं?
(अथवा) कुशलता की कामना कब निष्फल हो जाती है?

प्रश्न 17. छत्रसाल की बरछी की विशेषताएँ लिखिए।
(अथवा) यशोधरा की 'निजी व्यथा', 'लोक व्यथा' क्यों बन गई?

प्रश्न 18. पंचतत्वों के किन गुणों को माँ धारण किए हुए हैं?
(अथवा) हम कैसी दुंदुभी बजा रहे हैं?

प्रश्न 19. नालंदा विश्वविद्यालय की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।
(अथवा) मीनाक्षी मंदिर की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 20. गाँधी जी का शिक्षा के प्रति क्या दृष्टिकोण था?
(अथवा) मानू ने सिरचन को पान का बीड़ा देते समय क्या सलाह दी?

प्रश्न 21. लेखक बाबू गुलाबराय का आनन्द आशंका में क्यों बदल गया?
(अथवा) डॉक्टर ने महिला को पत्र में क्या लिखा? ।

प्रश्न 22. गुरु गोविन्द सिंह ने "सवा लाख" पर एक चढ़ाऊँगा की घोषणा क्यों की थी?
(अथवा) रहीम कवि मोतियों के हार के माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं?

प्रश्न 23. अखबार में जबलपुर की कौन सी घटना छपी थी?
(अथवा) कस्तूबा' को तेजस्वी महिला क्यों कहा गया है?

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए
आशा से आकाश थमा है, स्वाँस-तन्तु कब टूटे।
दिन मुख दमके, पल्लव चमके, भव ने नव रस लूटे।
स्वामी के सद्भाव फैलकर, फूल-फूल में फूटे,
उन्हें खोजने को मानो, नूतन निर्भर छूटे।
उनके श्रम के फल सब भोगे। यशोधवा की विनय यही!

(अथवा) सिंही की गोद से, छीनता रे शिशु कौन?
मौन भी क्या रहती वह, रहते प्राण/ रे अजान
एक मेष माता ही, रहती है निर्निमेष-दुर्बल वह।
छिनती संतान जब, जन्म पर अपने अभिशप्त तप्त आँसू बहाती है।

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इसके लिए मनुष्य को मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से दोनों ही प्रकार से स्वस्थ होना चाहिए। स्वस्थ मानसिकता ही स्वच्छ समाज को जन्म देती है। मनुष्य की शुद्ध सोच नई खोजों को जन्म देती है। इसका असर व्यक्ति विशेष पर नहीं बल्कि समाज, देश, जाति सभी पर समान रूप से पड़ता है। इसलिए मनुष्य को अपनी विचारधारा को विकसित करना होगा। पुरानी परम्पराएं एवं रुढ़ियों को त्याग करके नयी विकास पद्धति को जन्म देना होगा।

1. उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. विकसित व स्वच्छ का विलोम शब्द लिखिए।
3. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश 30 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

जग की विषम ऑधियों के झोंके सम्मुख हो सहना।
स्थिर उद्देश्य-समान और विश्वास-सदृश्य दृढ़ रहना।।
जाग्रत नित रहना उदारता-तुल्य असीम हृदय में।
अंधकार में शांत चन्द्र-सा, ध्रुव-सा निश्चल भय में।।

1. उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. उपरोक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए।
3. स्थिर, समान, शांत, विश्वास शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

प्रश्न 27. अपने जिलाधीश (कलेक्टर) को परीक्षा समय में ध्वनि विस्तारक यंत्रोंह पर प्रतिबंध लगाने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

(अथवा) अपने पिताजी को पत्र लिखकर अफनी शैक्षणिक प्रगति एवं अफने लक्ष्य को बताते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए-

1. युवा पीढ़ी पर दूरदर्शन का बढ़ता दुष्प्रभाव 2. स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत
3. इंटरनेट : आज की आवश्यकता 4. भ्रष्टाचार : देश की प्रगति में दीमक
5. जातिगत आरक्षण देश के लिए घातक

(ब) उपरोक्त विषयों में से जिस पर निबन्ध लिखा है उसे छोड़कर अन्य किसी एक विषय को बिन्दुवार रूपरेखा लिखिए।